## इंदौर की घटना से सबक ,उज्जैन में भी पानी की कहानी हुई शुरू,शुद्धता पर फोकस

### पेयजल व्यवस्था पर कड़ी नजर, आयुक्त,सभापति, महापौर तक ने संभाला मैदान, कंट्रोल रूम और गऊघाट फिल्टर प्लांट का निरीक्षण

**उज्जैन।** इंदौर के भागीरथपुरा में 15 से अधिक लोगों की जान दूषित पानी की वजह से चली गई। सीवरेज लाइन पेयजल की लाइन से मिल रही थी। लंबे समय से जहरीला पानी क्षेत्रवासी पी रहे थे। जिसने मौत का तांडव मचा दिया पूरे प्रदेश से लेकर देश में इंदौर की घटना ने शर्मसार कर दिया। यही कारण है कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गृह नगर में अफसरों से लेकर जनप्रतिनिधियों ने मोर्चा संभाल लिया है। जल प्रदाय व्यवस्था जांची जा रही है टंकियों की सफाई शुरू कर दी गई है।



शहर में नागरिकों को शुद्ध, सुरक्षित और निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा सघन मॉनीटरिंग की जा रही है। इसी क्रम में नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा जहां एक ओर चामुंडा माता स्थित पीएचई कार्यालय एवं कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। वहीं दूसरे दिन महापौर मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष कलावती यादव एवं आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा गऊघाट फिल्टर प्लांट का भी निरीक्षण किया गया। दोनों निरीक्षणों में पेयजल व्यवस्था को लेकर व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा चामुंडा माता स्थित पीएचई कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने संपूर्ण कार्यालय, रिकॉर्ड रूम एवं कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। आयुक्त ने कर्मचारियों से उनके कार्यों की जानकारी लेते हुए जलकर रिकॉर्ड एवं उपभोक्ताओं से संबंधित समस्त जानकारी को कंप्यूटर सिस्टम पर अद्यतन रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान नल कनेक्शन में लगाए गए मीटरों की भी जांच की गई, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी मीटर सही ढंग से कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर कंट्रोल रूम प्रभारी प्रहलाद मेहर उपस्थित रहे।

निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर शहर में स्थापित पेयजल टंकियों की सफाई का कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है। इसके तहत सुभाष नगर पानी की टंकी, चकोर पार्क, लक्ष्मी नगर, मिर्ची नाला, भैरवगढ़ क्षेत्र, रविशंकर नगर सहित विभिन्न क्षेत्रों में पीएचई विभाग द्वारा टंकियों की आंतरिक सफाई की जा रही है।

सफाई कार्य के दौरान कर्मचारी टंकी के अंदर उतरकर ब्लीचिंग पाउडर एवं अन्य केमिकल का उपयोग करते हुए प्रेशर से टंकियों की सफाई कर रहे हैं। पीएचई विभाग द्वारा यह सफाई कार्य प्रत्येक तीन माह में नियमित रूप से किया जाता है। आयुक्त ने निर्देश दिए कि प्रत्येक टंकी के नीचे सूचना पटल लगाया जाए, जिस पर सफाई की तिथि एवं आगामी सफाई की तिथि स्पष्ट रूप से अंकित हो। साथ ही पीएचई विभाग के सब इंजीनियर एवं टंकी प्रभारी पेयजल सप्लाई के दौरान फील्ड में भ्रमण कर पानी की गुणवत्ता की जांच कर रहे हैं। जहां से भी शिकायत प्राप्त हो रही है, वहां तत्काल निराकरण की कार्यवाही की जा रही है। पीएचई विभाग द्वारा पेयजल सप्लाई के दौरान सब इंजीनियर एवं टंकी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर पानी की गुणवत्ता की जांच कर रहे हैं। जहां से भी शिकायत प्राप्त होती है, उसका निराकरण निश्चित समय-सीमा में किया जा रहा है। इसके लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है, जिस पर नागरिक पेयजल से संबंधित शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शहरवासियों को किसी भी प्रकार से चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। नगर निगम एवं पीएचई विभाग द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों की सतत निगरानी में शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

### गऊघाट फिल्टर प्लांट का निरीक्षण, व्यवस्थाएं पाई गईं दुरुस्त

महापौर मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष कलावती यादव, निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा एवं जल कार्य समिति प्रभारी प्रकाश शर्मा द्वारा पीएचई अधिकारियों के साथ गऊघाट फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान फिल्टर प्लांट की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। फिल्टर प्लांट में सभी पंप चालू अवस्था में कार्यरत मिले तथा क्लोरीन, केमिकल और ब्लीचिंग पाउडर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित पाई गई। पानी की नियमित जांच हेतु लैब टेक्नीशियन की व्यवस्था भी सुचारू रूप से संचालित हो रही है। निरीक्षण में यह भी बताया गया कि पेयजल टंकियों की सफाई के दौरान सफाई की तिथि एवं आगामी सफाई की तिथि अंकित की जा रही है तथा इसके लिए एक रजिस्टर का संधारण किया जा रहा है। इसके माध्यम से क्षेत्रीय रहवासियों से फीडबैक भी लिया जा रहा है। इस अवसर पर अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, कार्यपालन यंत्री वैभव भावसार, सहायक यंत्री शिवम दुबे, दिलीप नौधाने सहित पीएचई विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 2026 में ठंड का सितम, दिनभर चली सर्द हवा

### रात का तापमान बढ़ा, दिन में आई गिरावट

**उज्जैन। वर्ष 2026 आगाज कड़ाके की ठंड के साथ हुआ है। साल के दूसरे दिन दिन भर सर्द हवा चलती रही। लोग ठंड से बचने के जतन करते रहे है। शाम होने से पहले ही अलाव जलने लगे थे। गुरुवार शुक्रवार रात न्यूनतम तापमान में तेजी आई थी वहीं शुक्रवार को अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।**





मौसम वैज्ञानिकों ने पहले ही जता दिया था कि जनवरी माह कड़ाके की ठंड के बीच गुजरेगा, जो अब सटिक साबित होता दिखाई दे रहा है। नववर्ष के पहले दिन ही आसमान में बादलों की दस्तक हो गई थी और अधिकतम तापमान में गिरावट आई थी। शुक्रवार सुबह शहर में घना कोहरा दिखाई दिया। आसमान में बादल छाए हुए हैं जिसकी वजह से सूर्य की रोशनी मध्यम हो गई है। ठंड से लोग ठिठुर रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार 4 जनवरी तक इसी तरह का मौसम बना रह सकता है। पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय हुआ है। आसमान में छाए बादलों की वजह से गुरुवार-शुक्रवार रात न्यूनतम तापमान में तेजी आई है।

जीवाजी राव वेधशाला पर न्यूनतम तापमान 14.5 डिग्री दर्ज हुआ है जो दिसंबर माह के अंतिम दिन तक 10 डिग्री से नीचे बना हुआ था। स्थानीय वेधशाला अधीक्षक डॉक्टर राजेंद्र कुमार गुप्ता के अनुसार शुक्रवार को दिनभर चली ठंडी हवा से अधिकतम तापमान 22.5 डिग्री दर्ज किया गया है। आसमान में बादल होने की वजह से अधिकतम तापमान कम होगा। जिसके चलते ठंड महसूस हो रही है। दो दिन बाद मौसम पूरी तरह से साफ होते ही शीतलहर चलने लगेगी। पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बर्फबारी के चलते ठंडी हवा का रूख प्रदेश की ओर बना हुआ है।

## अवैध निर्माण एवं गैलरी को जेसीबी से हटाया



**उज्जैन।** वार्ड क्रमांक 48 अंतर्गत इंदौर रोड स्थित जयंत परिसर में भवन स्वामी नीतू आंनद कसेरा द्वारा भवन निर्माण के दौरान फ्रट एमओएस पर बिना अनुमति के अवैध निर्माण करने एवं आगे तक गैलरी का निर्माण किया जा रहा था। जिसके क्रम में नगर निगम द्वारा जेसीबी मशीन के माध्यम से उक्त अवैध निर्माण को हटाने की कार्रवाई की गई। इसके लिए संबंधित भवन स्वामी को नोटिस जारी किया गया था कि आपके द्वारा जो बिना अनुमति के अवैध निर्माण किया गया है उसे स्वयं द्वारा हटा लिया जाए अन्यथा निगम द्वारा हटाया जाएगा। नोटिस जारी करने के बाद भी भवन स्वामी द्वारा लगातार निर्माण किया जा रहा था। जिसके क्रम में निगम द्वारा शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान उपयंत्री मुकुल मेश्राम, गैंग प्रभारी राज गौड़ाले एवं रिमूवल गैंग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सीपीआर देकर प्रधान आरक्षक ने बचाई यात्री की जान

**उज्जैन। जीआरपी के प्रधान आरक्षक ने गुरुवार को ड्यूटी के दौरान सेवा, सुरक्षा और संवेदना के मंत्र को चरितार्थ किया। ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्री को अचानक दिल का दौरा पड़ गया। उसकी सांसे थम सी गई थी। प्रधान आरक्षक ने सीपीआर दिया, 10 मिनट बाद यात्री की सांसे लौट आई।**



नववर्ष पर परिवार के साथ महाकाल दर्शन करने ब्यावरा से देवीलाल पिता रामचंद्र 30 साल उज्जैन आया था। देवदर्शन के बाद शाम का परिवार वापस लौटने के लिये रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नम्बर 6 पर पहुंचा। उन्हें उज्जैयनी एक्सप्रेस से लौटना था। ट्रेन के आगमन से पहले ही देवीलाल को दिल का दौरा पड़ गया। वह अचेत हो गया, परिवार उसकी हालत देख बिलख उठा, विलाप का शोर सुनकर प्लेटफार्म पर ड्यूटी कर रहे जीआरपी प्रधान आरक्षक पवन धुर्वे तत्काल पहुंचे। उन्होंने जमीन पर पड़े युवक को देखा तो उसकी सांसे चैक की, जो थम सी गई थी, प्रधान आरक्षक ने तत्काल पुलिस ट्रेनिंग के दौरान सिखाये गये सीपीआर तकनीकी का प्रयोग युवक पर शुरू किया। करीब 10 मिनट तक सीपीआर देने के बाद युवक की धड़कने लौट आई, वह हाथ-पैर चलाने लगा था, उसे तत्काल उठाया गया और प्लेटफार्म पर लगी टेबल पर बैठाया। उसे जीवित देख परिवार भी उससे लिपट गया। कुछ देर में देवीलाल पूरी तरह से स्वस्थ्य दिखाई देने लगा। प्रधान आरक्षक ने ट्रेन के आने पर पूरे परिवार को कोच में बैठाया और रवाना किया। जीआरपी प्रधान आरक्षक की तत्परता, मानवता और सेवा समर्पण को देख परिवार ने आभार माना। वहीं प्लेटफार्म पर मौजूद यात्रियों ने भी प्रधान आरक्षक की सराहना की।

### सिविल इंजीनियर और सेलून संचालक ने लगाई फांसी

उज्जैन। सिविल इंजीनियर और सेलून दुकान का संचालन करने वाले दो लोगों ने गुरुवार शुक्रवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सिविल इंजीनियर शराब पीने का आदी था। उसने नशे में मौत को गले लगाया। सेलून संचालक कर्ज में डूबा हुआ था। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। नागझरी क्षेत्र के मालनवासा में रहने वाला कपिल पिता खेमचंद भंडारी 45 साल सिविल इंजीनियर था और प्राइवेट काम करता था। नववर्ष पर पत्नी दिशा अपने छोटे बेटे के साथ इंदौर में रहने वाले बड़े बेटे के यहां गई हुई थी। रात में आसपास के लोगों ने दिशा को फोन कर बताया कि कपिल शराब पीकर हंगामा कर रहा है। दिशा ने मुंह बोली बहन के बेटे विशाल को समझने के लिए घर भेजा, लेकिन काफी देर हो चुकी थी विशाल के घर पहुंचते ही कपिल फंदे पर लटका दिखा। विशाल ने फंदे से उतरा और अस्पताल लेकर पहुंचा जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दूसरा मामला नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के जवाहर नगर से सामने आया। महानंदा नगर में हेयर सेलून की दुकान चलाने वाले मनोज पिता जगदीश सेन 46 वर्ष ने मकान की पहली मंजिल के कमरे में फांसी लगा ली थी। मां पार्वती मनोज की गाड़ी बाहर खड़ी देख उसे अंदर रखने के लिए बोलने पहली मंजिल पर गई तो उसने बेटे को फंदे पर लटका देखा। मनोज की पत्नी अपने बच्चों के साथ रिश्तेदार के यहां जन्मदिन के कार्यक्रम में गई हुई थी। मनोज को नीचे उतारा गया और अस्पताल लाया गया। डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मनोज कर्ज से परेशान था संभवत: इसी के चलते उसने मौत को गले लगाया है।

## ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया

**उज्जैन।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025- 26 की नवीन टूलकिट शुक्रवार को हिंदी संस्करण में लॉन्च की गई जिसकी विस्तृत जानकारी स्टेट की टीम द्वारा ऑनलाइन कार्यशाला के माध्यम से दी गई। जिसे नगर निगम मुख्यालय में स्वच्छ भारत अभियान की टीम द्वारा प्रशिक्षण लेते हुए मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की नवीन टूलकिट के माध्यम से शहर में स्वच्छता के कार्य होंगे। इसके लिए उक्त टूलकिट में किए गए प्रमुख बदलाव, जोड़े गए नए संकेतकों और सभी घटकों, उपघटकों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यशाला में बताया गया कि कचरा सेग्रीगेशन शत प्रतिशत किया जाए, शहर की जल संरचनाओं की सफाई, बरसाती नाले, नालियों की सफाई, नालों की कवरिंग एवं स्क्रीनिंग जाली लगवाया जाना, जुर्माने के बोर्ड एवं जल संरचनाओं के पास चेतावनी बोर्ड, वेस्ट टू वंडर पार्क का संचालन, दीवारों पर स्वच्छता के स्लोगन, सुंदर चित्रकारी करना, बायोमेडिकल वेस्ट के लिए अलग से कचरा गाड़ी में सेक्शन एवं उसी में मेडिकल वेस्ट को डालना, शहर में भवन निर्माण कार्यों के दौरान ग्रीन नेट से कवर करवाया जाना। जिससे धूल के कारण न उड़े, स्कूल, कॉलेज में अवेयरनेस कार्यक्रम संचालित करना क्योंकि बच्चों के द्वारा ही स्वच्छता का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाता है। बैठक में योगेंद्र सिंह पटेल, उपयुक्त मनोज मौर्य, सहायक आयुक्तगण, कार्यपालन यंत्री, स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक यंत्री, उपयंत्री, स्वास्थ्य अधिकारी, दरोगा पीआईयू, आईईसी सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

## एक नजर में



### जत्रा मराठी फूड फेस्टिवल का आयोजन

**उज्जैन।** मराठी मैत्री समूह उज्जैन के द्वारा एक लंबे अंतराल के बाद भव्य मराठी फूड फेस्टिवल जत्रा 2026 का आयोजन स्थानीय दशहरा मैदान पर 3 और 4 जनवरी को किया जा रहा है। जहां पर मराठी के पारंपरिक व्यंजन पुरणपोली, थालिपीठ, उकरपेंडी, मिसलपाव, गुडकीरोटी, कढीगोले, मसालेभात, चिरोटे आदि का स्वाद शहरवासी ले सकेंगे। 3 जनवरी को सायं 5 .00 बजे उद्घाटन होगा। जिसमें बलराज भट्ट, तरुण शाह एवं वीरेन्द्र शर्मा उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन सत्र के पश्चात् 7 बजे स्वरारोह संगीत समूह के द्वारा मराठी हिन्दी गीतों का प्रस्तुतीकरण किया जायेगा। 4 जनवरी को सायं 7 बजे निनाद नृत्य अकादमी के द्वारा पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किये जायेंगे। इस परंपरागत मराठी जत्रा में आप सभी शहरवासी सम्मिलित होकर मराठी व्यंजनों का आनंद लें सकते हैं। अपने बच्चों को हमारे संतों की वेशभूषा में लेकर आने का आग्रह मराठी मैत्री समूह के द्वारा किया गया है। यह जानकारी राजश्री जोशी ने देते हुए अधिक संख्या में जनता से उपस्थित रहकर पारिवारिक व्यंजनों एवं कार्यक्रम का आनंद लेने के लिए आग्रह किया है।

### श्री सर्वेश्वर महादेव का हुआ मनोहारी श्रृंगार

**उज्जैन।** महर्षि सांदीपनि आश्रम गुरु सांदीपनि तपस्थली स्वयंभू श्री सर्वेश्वर महादेव मंदिर में महादेव का नववर्ष के उपलक्ष्य में मनोहारी श्रृंगार किया गया। सांदीपनि वंशज पुजारी पं. राहुल व्यास ने बताया कि नववर्ष के उपलक्ष्य में सर्वेश्वर महादेव का सूखे मेवे, भांग, पुष्पों से श्रृंगार किया गया। इस दौरान महादेव की विशेष आरती की गई। दिनभर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महादेव के दर्शन लाभ लिए।



### श्री श्रमिकों की 4 जनवरी को आवश्यक बैठक

**उज्जैन।** श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी कांग्रेस के संयोजक एवं क्रेडिट को आपरेटिव के संचालक प्रकाश सोलंकी ने कर्मचारियों की आवश्यक बैठक स्थानीय शहीद पार्क, फ्रीगंज, उज्जैन पर 4 जनवरी 2026 रविवार को दोपहर 12 बजे आयोजित की जा रही है। श्री की भूमि अंबानी के वनतारा प्रोजेक्ट को आवंटित करने हेतु उच्चतम न्यायालय में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा जनहित याचिका दाखिल की गई है। जबकि दूसरी ओर श्री के श्रमिकों का विगत करीबन 20 वर्षों कोलकाता उच्च न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है। बैठक को सफल बनाने की अपील अमरसिंह गेहलोत, रामचन्द्र चौधरी, शिवाजीराव शिन्दे, मुकुटबिहारी, जैना, शीतलप्रसाद राठौर, राजेश समेले, रंजीत बोड़ाना आदि ने की है।

## पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने किया बिरलाग्राम थाना स्टाफ को पुरस्कृत

**उज्जैन।** कानून व्यवस्था और अपराधित नियंत्रण के साथ अभिलेखों के संधारण का निरीक्षण करने एक थाने से दूसरे थाने पहुंच रहे पुलिस कप्तान ने शुक्रवार को बिरलाग्राम थाने का जायजा लिया और पूरे स्टाफ को पुरस्कृत किया।



पुलिस कप्तान प्रदीप शर्मा पिछले कुछ महीनों से लगातार जिले के थानों का औचक निरीक्षण करने पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को बिरला ग्राम थाने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, अभिलेखों के संधारण, साफ-सफाई, आमजन से व्यवहार के साथ-साथ थाना परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का भी अवलोकन किया। थाना स्टाफ की कार्यशैली काफी सराहनीय होना सामने आई। अभिलेखों का संधारण और आमजन से व्यवहार भी संतोषजनक पाया गया। उन्होंने थाना इंचार्ज जितेंद्र पाटीदार सहित पूरे स्टाफ को 10 हजार के इनाम से पुरस्कृत किया। पुलिस कप्तान निरीक्षण के दौरान अच्छा कार्य करने वालों को लगातार प्रोत्साहित कर रहे हैं और उन्हें पुरस्कृत किया जा रहा है। इससे पहले भैरवगढ़ और महाकाल थाना निरीक्षण के दौरान प्रधान आरक्षकों और उप निरीक्षक को भी वह इनाम दे चुके हैं। अब तक के थाना निरीक्षण के दौरान नीलगंगा थाना ही कप्तान की कार्य शैली पर खरा नहीं उतर पाया था। नीलगंगा थाने के 13 पुलिस कर्मियों का एक दिन का वेतन काटा जा चुका है।

## लोकशक्ति पर अटल जी की जयंती मनाई

**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी अजा मोर्चा नगर जिलाध्यक्ष मनोज मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा अजा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार के प्रथम नगर आगमन पर मोर्चा नगर जिला उज्जैन एवं ग्रामीण द्वारा पं. अटल बिहारी वाजपेई की 101 वीं जयंती के अवसर पर भाजपा कार्यालय लोक शक्ति भवन में आयोजित स्वागत समारोह में मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई भारत देश में ही नहीं बल्कि विश्व के लोकप्रिय नेता थे। पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेई ने परमाणु विस्फोट कर विश्व को संदेश दिया कि भारत भी किसी भी तरह की समस्या से निपटने के लिए पूर्णत: सक्षम है। कार्यक्रम को महापौर मुकेश टटवाल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रभु लाल जाटवा ने भी संबोधित किया। पूर्व महापौर मीना जोनवाल, मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेश गिरजे, भगवती शिंदे, गोकुल खंडाल, मोर्चा नगर अध्यक्ष मनोज मालवीय, ग्रामीण अध्यक्ष पुष्पा चौहान मंचासीन थे। कार्यक्रम का संचालन मोर्चा अध्यक्ष मनोज मालवीय एवं आभार महामंत्री सुनील चावंड ने माना।

## सम्राट विक्रमादित्य बस्ती ने हिंदू सम्मेलन के निमित्त निकाली भव्य पदयात्रा

**उज्जैन।** सम्राट विक्रमादित्य बस्ती (माधव नगर) के रहवासियों द्वारा आगामी 4 जनवरी रविवार को आयोजित होने वाले विशाल हिंदू सम्मेलन की पूर्व तैयारी के रूप में 2 जनवरी को एक भव्य पदयात्रा निकाली गई। यह पदयात्रा भक्ति और उत्साह के साथ विभिन्न मार्गों से होते हुए दुर्गा माता मंदिर, दशहरा मैदान पहुंची। पदयात्रा राजस्व कॉलोनी, तिवारी कॉलोनी और दशहरा मैदान जैसे प्रमुख क्षेत्रों से गुजरी मार्ग में जगह-जगह रहवासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का आत्मीय स्वागत किया गया। हाथों में भगवा ध्वज और माता के जयकारों के साथ रहवासियोंभारी उत्साह देखा गया। पदयात्रा के समापन पर दशहरा मैदान स्थित दुर्गा माता मंदिर में महिलाओं द्वारा माताजी की विशेष आरती उतारी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने आगामी 4 जनवरी को होने वाले हिंदू सम्मेलन की निर्विघ्न संपन्नता और सफलता के लिए माता रानी से प्रार्थना की। आयोजन समिति ने बताया कि 4 जनवरी को आयोजित इस हिंदू सम्मेलन में समस्त बस्ती के रहवासियों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सहभोज का आयोजन किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य सामाजिक समरसता और एकता को सुदृढ़ करना है। समिति के सदस्यों ने रहवासियों से आग्रह किया है कि वे रविवार को आयोजित इस भव्य सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार उपस्थित होकर कार्यक्रम को गरिमामय बढ़ाएं और इसे सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। यह जानकारी लक्ष्मीनारायण अग्रवाल तथा साशा जैन ने दी।

**महोत्सव की तैयारी** 18 जनवरी तक धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम, सोना महापात्रा जैसे कलाकार भी आकर प्रस्तुति देंगे

## नए साल बाद अब महाकाल मंदिर में14 जनवरी से महोत्सव की तैयारी, शंकर एहसान आएंगे

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन।** नए साल के स्वागत के बाद अब महाकाल मंदिर में महाकाल महोत्सव की तैयारियां शुरू कर दी गई है। महोत्सव 14 जनवरी से शुरू होगा जिसमें 18 जनवरी तक धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे जो महाकाल मंदिर के पीछे स्थित महाकाल लोक में मंच से आयोजित किए जाएंगे। हजारों लोग इसमें शामिल हो सकेंगे। इसके साथ बाबा महाकाल को दान आने का सिलसिला जारी है भक्त बाबा को चांदी और सोने के आभूषण भी चढ़ा रहे हैं। वहीं कंपनियों की तरफ से भी दान आ रहा है।

मंदिर समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि महाकाल महोत्सव में शंकर एहसान लाय व प्रसिद्ध गायिका सोना महापात्रा जैसे ख्यात कलाकार यहां संगीत के साथ प्रस्तुतियां देने आ रहे हैं। इसमें लोककलाएं, शास्त्रीय प्रस्तुतियां भी रखी जाएंगी। कार्यक्रम प्रतिदिन संध्या के 7 बजे से शुरू होंगे। 14 जनवरी को महोत्सव का शुभारंभ जनजातीय लोकनृत्य और कला यात्राओं के साथ किया जाएगा। पहले दिन ही गोंड जनजाति सैला नृत्य, बैगा जनजाती परधौनी नृत्य, भील जनजाति भगोरिया नृत्य सहित अन्य पारंपरिक प्रस्तुतियां। दिन के समय कला यात्रा के माध्यम से लोक कलाओं की जीवंत झलक भी दिखाई जाएगी। 16 जनवरी को प्रसिद्ध गायिका सोना महापात्रा मंच संभालेंगी। उनकी सशक्त आवाज में शिव भक्ति और सूफियाना रंग दर्शकों को भावविभोर करेगा। 16 को ही कोरकू, भील और बैगा जनजातीय नृत्य दल भी अपनी पारंपरिक प्रस्तुतियां देंगे। 17 जनवरी को सुमधुर संगीत संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शास्त्रीय और समकालीन गायन प्रस्तुत होगा। विभिन्न कलाकार शिव भजनों और आध्यात्मिक रचनाएं प्रस्तुत करेंगे। 18 जनवरी को महोत्सव का समापन शिव केंद्रित नृत्य-नाट्य प्रस्तुति के साथ होगा। कथक कली सहित अन्य शास्त्रीय नृत्य शैलियों के माध्यम से भगवान शिव के विभिन्न रूपों का मंचन किया जाएगा।

### महाराष्ट्र के भक्त ने चांदी का 3 लाख का कलश अर्पित किया



महाकाल मंदिर में नए साल के बाद भी दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इनमें कई ऐसे भी है जो बाबा के लिए आभूषण ला रहे हैं तो कई नकद दान कर रहे हैं। इसी तारतम्य में शुक्रवार को महाराष्ट्र से आए भक्त समरजीत सम्पत जादव ने पुजारी बाला गुरु, पुजारी नयन गुरु की प्रेरणा से चांदी का एक बड़ा कलश दान किया। जिसकी कीमत 3 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। पुजारी ने दानदाता भक्त से कलश प्राप्त कर भगवान महाकाल को अर्पित करने के बाद मंदिर समिति को सौंप दिया। समिति की ओर से दानदाता को रसीद प्रदान की गई व सहायक प्रशासनिक अधिकारी आरके तिवारी ने उनका सम्मान किया। इसके साथ ही नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने सामाजिक सेवा के क्षेत्र में अग्रणी रहते हुवे महाकाल मंदिर समिति को सीपीयू, मॉनिटर एवं की बोर्ड सहित 6 कम्प्यूटर सिस्टम भेंट किए। उज्जैन मंडल के वरिष्ठ प्रबंधक पीसी निहोरे ने बताया कि इस मौके पर प्रधान कार्यालय की वरिष्ठ अधिकारी रेखा सोलंकी, समीर कालरा, सरबजीत सिंह, चंद्रशेखर सेन, मंदिर समिति के सहायक प्रशासनिक अधिकारी आरके तिवारी, मंदिर की आईटी सेल के दीपक परमार, निर्मल सांखला आदि उपस्थित थे।